साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स
ISO 9001:2015 CERTIFIED
"जीवन में कुछ भी असंभव नहीं है। "गलतियां ही इंसान को सीखने का मौका देती हैं।""
डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27
पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962
अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...
NEEMUCH HEADLINES
ख़बर वही, जो हम दिखाते है...
संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा
प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा
साप्ताहिक समाचार पत्र,एप्प, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल
वर्ष - 08 | अंक- 19 | नीमच, बुधवार 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 5 रू

**खुश खबरी-** केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस को दी हरी झंडी

# 8वें केंद्रीय वेतन आयोग को दी मंजूरी




## केंद्र सरकार के कर्मचारियों और रिटायर लोगों की सैलरी, भत्ते और पेंशन की पूरी तरह से समीक्षा करने का रास्ता साफ हो गया है

नीमच हेडलाइन्स| नीमच

केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को बड़ी खुशखबरी दे दी है. मोदी कैबिनेट ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है और 18 महीने के बाद वेतन आयोग अपनी सिफारिशें देगा. सरकार के इस ऐलान के बाद सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले है. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने वेतन आयोग के नियमों और शर्तों को मंजूरी दे दी है. इसका लाभ केंद्र सरकार के लाखों कर्मचारियों के साथ ही रक्षा सेवाओं और पेंशनभोगियों को भी मिलेगा. आइए जानते हैं कि आठवें वेतन आयोग को मंजूरी के ऐलान के बाद क्या होगा और कब तक कर्मचारियों के हाथों में बढ़ी हुई सैलरी होगी. आठवें वेतन आयोग को कैबिनेट में मंजूरी मिलने का मतलब है अब केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलेरी में इजाफा होना तय है. इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें वेतन आयोग के अधिकार और कार्यों की रूपरेखा तय कर दी है. आइए जानते हैं इससे जुड़ी 10 बड़ी बातें

### सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश चेयरमैन नियुक्त

सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया गया है. आईआईएम बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के सचिव पंकज जैन को आयोग के सदस्य होंगे.

### 2027 के बाद तक पूरी होगी प्रक्रिया

वेतन आयोग की यह प्रक्रिया 2027 तक पूरी नहीं होगी. हालांकि इसका




फायदा एक जनवरी 2026 से मिलना शुरू हो जाएगा. सैलरी की बढ़ी राशि एरियर के रूप में कर्मचारियों के खातों में पहुंचेगी.

### बेसिक सैलरी में इजाफा तय

केंद्र सरकार के 50 लाख से ज्यादा कर्मचारियों और करीब 65 लाख पेंशनर्स को फायदा होने जा रहा है. आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में इजाफा भी तय माना जा रहा है.

फिटमेंट फैक्टर की जाएगी गणना

छठे वेतन आयोग में मिनिमम बेसिक सैलरी 7000 रुपए थी, जो सातवें वेतन आयोग में 18 हजार रुपए तक पहुंच गई. हालांकि आठवें वेतन आयोग में भी इसमें इजाफा होना तय है. आठवें वेतन आयोग में लागू होने वाले फिटमेंट फैक्टर के तहत बेसिक सैलरी तय की जाएगी. सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें जनवरी, 2015 से लागू हुई थीं.

### 1.96 फिटमेंट फैक्टर से तय होगी सैलरी!

फिटमेंट फैक्टर वो मल्टीप्लायर है, जिससे मूल वेतन को मल्टीप्लाई कर नई बेसिक सैलरी तय की जाती है. इस बार यह फिटमेंट फैक्टर कितना होगा, यह तय नहीं है. हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में इसे 1.92 तो कुछ में 2.86 तक भी माना जा रहा है. हालांकि सबसे ज्यादा 1.96 फिटमेंट फैक्टर की सबसे ज्यादा चर्चा है. फिलहाल लेवल-1 के कर्मचारियों की बेसिक सैलरी 18 हजार रुपए है. नई बेसिक सैलरी के कैलकुलेशन के लिए पुरानी बेसिक सैलरी को फिटमेंट फैक्टर से गुणा कर बेसिक सैलरी की गणना की जाती है. यदि हम 1.96 फिटमेंट फैक्टर को मानकर के गणना करते हैं तो लेवल-1 से लेवल 18 तक कर्मचारियों की बेसिक सैलरी में जबरदस्त इजाफा तय है.

### कब लागू होगा आठवां वेतन आयोग

आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने की तारीख के बारे में पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा, "विशिष्ट तिथि अंतरिम रिपोर्ट आने के बाद ही तय की जाएगी, लेकिन संभावना है कि यह एक जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी."

## नीमच में झमाझम बारिश से बदला मौसम

### जावद, मनासा और सिंगोली में दिनभर रुक-रुककर हुई वर्षा, अगले 24 घंटे तक बरसात की संभावना



**नीमच** जिले में सोमवार को मानसून की विदाई के बाद भी झमाझम बारिश हुई, जिसने पूरे क्षेत्र का मौसम ही बदल दिया। सुबह हल्की बूंदाबांदी से शुरू हुई वर्षा दोपहर तक तेज हो गई और देर शाम तक कई इलाकों में रुक-रुककर होती रही। बादलों से घिरे आसमान और लगातार होती फुहारों ने दिनभर ठंडक बनाए रखी। मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी संतोष झलकने लगा। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। हल्की बूंदाबांदी के साथ दिन की शुरुआत हुई और धीरे-धीरे बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। दोपहर बाद तेज बौछारों ने सड़कों को गीला कर दिया और शहर की गलियों में जलभराव की स्थिति बनने लगी। देर शाम तक नीमच नगर और उसके आसपास के इलाकों में बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के बाद हवा में नमी बढ़ी और तापमान में करीब 4 से 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। नीमच के अलावा जावद, मनासा, सिंगोली, जीरन और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी पूरे दिन रुक-रुककर वर्षा होती रही। खेतों में पानी भर गया, जिससे मिट्टी में नमी बढ़ी। किसानों के लिए यह बारिश किसी वरदान से कम नहीं मानी जा रही, क्योंकि यह उनके लिए अगली फसल की बुवाई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अक्टूबर के अंत में हुई यह वर्षा गेहूं, चना, मसूर और सरसों जैसी रबी फसलों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। जिले के कई किसानों ने पहले से ही खेतों की जुताई कर ली थी और अब इस बारिश से मिट्टी में पर्याप्त नमी मिलने से बोवनी का काम तेज गति से शुरू किया जा सकेगा। इस बार खरीफ मौसम में जिले के अधिकांश हिस्सों में धान, सोयाबीन और उड़द की फसलों की कटाई पहले ही पूरी हो चुकी थी। इसलिए अचानक हुई बारिश से खेतों में खड़ी फसल को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि कुछ जगहों पर कटाई के बाद खेतों में रखे अनाज के भंडारण को लेकर किसानों में हल्की चिंता जरूर देखी गई, क्योंकि गीली मिट्टी और लगातार होती बूंदाबांदी से अनाज को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। बारिश के दौरान शहर की सड़कों पर भी पानी जमा हो गया, जिससे यातायात पर कुछ असर पड़ा। कई इलाकों में राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं बारिश के बीच ठंडी हवाओं ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। लोग गर्म चाय और पकौड़ों का आनंद लेते दिखे। शाम होते-होते हवा में ठंडक और बढ़ गई और लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में एक सक्रिय मौसमी प्रणाली राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों पर बनी हुई है, जिसके प्रभाव से नीमच जिले में सोमवार को बारिश दर्ज की गई। विभाग ने बताया कि यह सिस्टम अगले 24 घंटे तक सक्रिय रहेगा, यानी मंगलवार तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी।

## विधायक सखलेचा ने कार्यकताओ के संग मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना

# मन की बाद सुनने के बाद सखलेचा बोले - स्वदेशी उत्पादों को खरीदने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

**डीकेन**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का 127वां संस्करण जावद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डीकेन बूथ क्रमांक 95 स्थित भाजपा नेता ओमप्रकाश मेघवाल की इलेक्ट्रिक की दुकान पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ सुना गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री व जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा मौजूद रहे। विधायक श्री सखलेचा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को खरीदने और बेचने के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व



में देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से बढ़ती प्रगति की सराहना की। विधायक श्री सखलेचा ने बताया कि इस सामूहिक आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के संदेश को बूथ स्तर तक के साथ जनता के बीच राष्ट्रीय विषयो पर जागरूकता एवं मन की बात कार्यक्रम प्रसारण देश के हर कोने की सफलता की कहानियों को सामने लाता है, साथ ही आमजन को सकारात्मक की ओर प्रेरित करता है। विधायक सखलेचा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक सम्बोधन ने सभी कार्यकर्ताओं में राष्ट्रप्रेम, आत्म निर्भर भारत के संकल्प ओर जनसेवा की भावना को और अधिक सशक्त किया है। श्री मोदी ने अपने उद्बोधन में देशवाशियों से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, पर्यावरण सरक्षण ओर एक पेड़ मा के नाम जैसे जनजागरण अभियानों के माध्यम से प्रकति एवं मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का आह्वान किया। डीकेन नगरवासियों एवं भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने इस पहल की सराहना व्यक्त की। उनका कहना था कि इस तरह के सामूहिक श्रवण से उन्हें पार्टी और राष्ट्र के विकास से सीधे जुड़ने का अवसर मिलता है। डीकेन नगर में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश व्यास, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसवंत बंजारा, नगर परिषद अध्यक्ष श्रवण पाटीदार, नगर भाजपा अध्यक्ष संदीप सोनी, शंकरलाल गुर्जर, अमरलाल गुर्जर, नितेश सैन, ओमप्रकाश परिहार, विनय चारण, मनोहर पाटीदार, मुरलीधर चारण, विनोद पाटीदार, सहित नगर के अन्य वरिष्ठजनों ने बड़े मन से मोदी की बात को सुन चप्पा चप्पा भाजपा के नारे बुलंद किये।

## गोमाबाई नेत्रालय में नेत्र शिविर का आयोजन



**नीमच**। गोमाबाई नेत्रालय में महीने के अंतिम रविवार के अवसर पर नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हर महीने नियमित रूप से आयोजित किया जाता है और समाज के लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस शिविर में उपस्थित नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा लोगों की आंखों की जांच की जाती हैं और उन्हें सही नेत्र देखभाल संबंधी सुझाव दिए जाते हैं । विशेष रूप से मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्याओं वाले मरीजों को मुफ्त ऑपरेशन की सुविधा दी जाती हैं । इसके अलावा, जरूरतमंदों को चश्मे और अन्य दृष्टि सुधार उपकरण भी उपलब्ध कराए जाते हैं । नेत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को अच्छी नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी आंखों की जांच करवाई।

## शिक्षा और खेल के साथ अब बैंड में भी जीरन का नाम हुआ रोशन

# संभाग स्तर के लिए चयनित हुआ स्वामी विवेकानंद एकेडमी जीरन का बैण्ड समुह

**ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट**

**जीरन**। गणतंत्र दिवस 2026 के लिए राष्ट्रीय स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता जिला स्तरीय दिनांक 16/10/25 को 'संदीपनी स्कूल नीमच केन्ट ' नीमच में आयोजित हुई जिसमें स्वामी विवेकानंद एकेडमी जीरन के 31 छात्रों द्वारा सर्वश्रेष्ठ बैण्ड का प्रदर्शन किया गया। सभी छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के बैण्ड बजाए गये सभी चयनकर्ता ने स्कूल के छात्रों की प्रतिभा को निखारा तथा प्रशंसा कर संभाग स्तर के लिए स्कूल के बैण्ड का चयन किया दिनांक 27/10/25 को यह बैण्ड दल संभागीय स्कूल बैण्ड शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय माधवनगर उज्जैन में



अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा। स्कूल के संचालक छगनलाल पाटीदार, सहसंचालक हरिश मुकाती , प्राचार्य राहुल जैन तथा शिक्षिका मृदुला व्यास ने सभी छात्रों को बधाई दी।

## कमल चौक पर चोरी की वारदात- लाखों के मोबाइल चोरी






**नीमच**। कमल चौक क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए दो मोबाइल दुकान अमन मोबाइल और सिद्धि विनायक मोबाइल को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार, अमन मोबाइल के संचालक अमन छाबड़ा ने बताया कि उनकी दुकान से चार मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। वहीं सिद्धि विनायक मोबाइल के संचालक कुशाल धनकानी ने बताया कि उनकी दुकान से पांच कीपैड मोबाइल, एक पेन ड्राइव और लगभग पाँच हजार रुपए नकद चोरी हो गए।

### छत में किया छेदकर अंदर घुसे

सुबह जब दोनों दुकानदार अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान की छत में बड़ा छेद किया गया है और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा है।यह देखकर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश जारी है। इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

## इनरव्हील ने मनाया दीपावली मिलन समारोह

**नीमच**। सेवा के क्षेत्र में समर्पित संस्था इनरव्हील क्लब नीमच द्वारा साधारण सभा एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। क्लब की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इनरव्हील क्लब द्वारा साधारण सभा एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया सभा को संबोधित करते हुए सी.सी.सी. चेयरमैन एवं पूर्व मण्डलाध्यक्ष संगीता जोशी ने कहा कि इनरव्हील क्लब अन्तर्राष्ट्रीय क्लब है इसमें डिस्ट्रिक के निर्देशानुसार वर्षभर कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें सदस्यों को तन,मन एवं धन से सहयोग प्रदान करना चाहिए ।




## 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय तैयारी बैठक संपन्न

आगामी 29 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 के सफल एवं भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विशेष बैठक सुशासन भवन में आयोजित की गई। बैठक में युवा उत्सव के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन को उत्साह, नवाचार और युवा शक्ति के प्रदर्शन का एक सशक्त मंच बनाया जाए। 29 वां राष्ट्रीय युवा उत्सव 2026 "सांस्कृतिक और नवाचार थीम" पर आधारित होगा,

## मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को एस.आई.आर. कार्यक्रम की जानकारी दी

**नीमच**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (Special Intensive Revision - SIR) के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंदसौर जिले में आज दिनांक 28 अक्टूबर 2025 से किया गया है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी दलों को एस.आई.आर. कार्यक्रम की जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 10,49,290 मतदाता पंजीकृत हैं। बी.एल.ओ. द्वारा 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक एक माह की अवधि में प्रत्येक मतदान केंद्र पर गणना प्रपत्र (Enumeration Form - EF) भरवाए जाएंगे। इसके बाद निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 09 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियाँ 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की जाएंगी तथा अंतिम प्रकाशन 07 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह SIR वर्ष 1951 से 2004 तक कुल आठ बार किया जा चुका है, और पिछला SIR वर्ष 2002–2004 में आयोजित हुआ था। इस बार के SIR में प्रत्येक मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र (EFs) वितरित किए जाएंगे। बी.एल.ओ. मतदाताओं को पिछले SIR (2002–2004) के रिकॉर्ड से नाम मिलान (Linking) करने में सहायता करेंगे। इसके लिए मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://voters.eci.gov.in/) का उपयोग भी कर सकेंगे। नए मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फॉर्म-6 एवं घोषणा प्रपत्र एकत्र किए जाएंगे। बी.एल.ओ. प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जाकर जानकारी संकलित करेंगे। विशेषकर शहरी या अस्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता ऑनलाइन भी EF भर सकेंगे। इस प्रक्रिया के दौरान ऐसे मतदाताओं की भी पहचान की जाएगी जो मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं। गणना चरण में EF के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सांकेतिक सूची मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में उपयोगी दस्तावेजों की सांकेतिक (परंतु पूर्ण नहीं) सूची जारी की गई है। यह सूची मतदाताओं की पहचान, निवास तथा अन्य आवश्यक प्रमाण के लिए उपयोग की जा सकेगी। किसी केंद्रीय / राज्य सरकार / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा नियमित कर्मचारी / पेंशनर को जारी पहचान पत्र या पेंशन भुगतान आदेश। 2) भारत में किसी सरकार / स्थानीय निकाय / बैंक / डाकघर / एलआईसी / सार्वजनिक उपक्रम द्वारा 01.07.1987 से पूर्व जारी पहचान पत्र / प्रमाण पत्र / दस्तावेज। 3) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। 4) पासपोर्ट। 5) किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिक या शैक्षणिक प्रमाण पत्र।6) सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र। 7) वन अधिकारी प्रमाण पत्र। 8) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ओबीसी / एससी / एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र। 9) राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ उपलब्ध हो)। 10) राज्य / स्थानीय निकाय द्वारा तैयार पारिवारिक रजिस्टर। 11) सरकार द्वारा जारी भूमि या मकान आवंटन प्रमाण पत्र।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाने में पत्रकारिता की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ अवधेश प्रताप सिंह, माननीय सदस्य महोदय, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल




**भोपाल** : डॉ अवधेश प्रताप सिंह, माननीय सदस्य महोदय मप्र मानव अधिकार आयोग, भोपाल द्वारा सेंट्रल इंडिया प्रेस क्लब द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर, 2025(रविवार) को मीडिया संवाद समारोह में विधायिका एवं पत्रकारिता लोकतंत्र के आधार स्तंभ पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संसदीय लोकतंत्र में विधायी संस्थाओं और प्रेस का घनिष्ठ संबंध होता है। ये दोनों लोकतंत्र के महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं। संसदीय लोकतंत्र का मूल आधार जन आशाओं की अभिव्यक्ति के साथ विधायिका के प्रति कार्यपालिका का उत्तरदायित्व है, यह उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में विधायिका के सदस्यों के साथ पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डॉ सिंह ने कहा कि संवाद समारोह का विषय सामयिक है क्योंकि विधायिका एवं पत्रकारिता के कार्य करण का आधार संवाद ही है। जहां विधायिका के निर्वाचित सदस्य सदन में शासन की नीतियों का विश्लेषण करते हैं तथा चर्चा के माध्यम से जन समस्याओं का समाधान निकालते हैं। इसी परिदृश्य में पत्रकारिता विधायिका और जनता के मध्य सार्थक संवाहक की दोहरी भूमिका निभाती है, जिससे विधायिका के सदस्यों को जन समस्याओं की तथा जनता को विधायिका की दैनिक गतिविधियों एवं सदन में जनप्रतिनिधियों के आचरण की जानकारी मिलती है। डॉ सिंह ने प्रभावी रूप से विचार रखते हुए संसद की कार्यवाही का उदाहरण देकर स्पष्ट किया कि कैसे सामान्य पत्रकारिता से संसदीय पत्रकारिता भिन्न होती है। अन्य तथ्यों के साथ उन्होंने कहा कि वस्तुतः पत्रकारिता एक सेवा व मिशन है और लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। इसलिए यदि आज क्षरण हो रहे जीवन मूल्यों को संरक्षित रखते हुए हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं तो विधायिका और रचनात्मक पत्रकारिता के समन्वय से लोकतंत्र और सशक्त हो सकेगा।इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री नरेन्द्र सिंह तोमर अध्यक्ष मध्यप्रदेश विधानसभा थे तथा अध्यक्षता श्री उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष के साथ विधायक श्री रामेश्वर शर्मा व श्री भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश, विधानसभा तथा सेण्ट्रल इंडिया प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से आये पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर समिति द्वारा 17वाँ विशाल अन्नकूट महोत्सव भव्यरूप से सम्पन्न

**नीमच**। श्रद्धा, भक्ति और समर्पण का अनुपम संगम रविवार, 26 अक्टूबर को मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर समिति, इंदिरा नगर में देखने को मिला, जब हजारों भक्तों की उपस्थिति में 17वाँ विशाल अन्नकूट महोत्सव भव्य और विराट स्वरूप में सम्पन्न हुआ। समिति के मुकेश धनगर ने बताया कि इस वर्ष समिति ने अपने मूल संकल्प "हर घर से सहभागिता, हर हृदय में श्रद्धा" को केंद्र में रखकर आयोजन को समाज की सामूहिक आस्था का उत्सव बनाया। इस वर्ष समिति ने पहली बार "स्वरुचि भोज प्रणाली" के माध्यम से प्रसाद वितरण की अनूठी व्यवस्था की। यह समिति का इस प्रकार का प्रथम कार्यक्रम था। स्वरुचि भोजन प्रसाद व्यवस्था से जहां भक्तों को प्रसाद ग्रहण करने में अधिक सुविधा हुई, वहीं समय की उल्लेखनीय बचत भी हुई। प्रसाद वितरण की संपूर्ण व्यवस्था समिति के लगभग 125 कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति द्वारा की गई। लगभग 50 से 60 मातृशक्ति ने महिला भक्तों के लिए और 60 से 70 पुरुष कार्यकर्ताओं ने पुरुष वर्ग के लिए सेवा कार्य संभाला। कुल 15 काउंटर बनाए गए, जिनमें 6 महिलाओं हेतु, 6 पुरुषों हेतु तथा 3 अतिरिक्त काउंटर थे। वरिष्ठ एवं आशक्त भक्तों के लिए टेबल-कुर्सी सहित विशेष कॉरिडोर की भी सुंदर व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में नीमच शहर के कोने-कोने से 8 से 10 हजार श्रद्धालु उपस्थित हुए। भक्तों







ने कहा कि इतनी सुव्यवस्थित, स्वच्छ और अनुशासित व्यवस्था उन्होंने पहले किसी भंडारे में नहीं देखी। इस पूरे कार्यक्रम का सीधा प्रसारण "राम धुन नीमच" नामक यूट्यूब चैनल पर किया गया, जिससे देश-विदेश में जुड़े भक्तों ने भी इस भव्य अन्नकूट महोत्सव का आनंद घर बैठे प्राप्त किया। अंत में मनीष चौधरी ने नगर पालिका, पुलिस प्रशासन, मातृशक्ति, पुरुष वर्ग और सभी भक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया। एवं बताया कि पूरे क्षेत्र में वर्षा होने के बावजूद, मंशापूर्ण महादेव एवं रणजीत हनुमान बालाजी महाराज की असीम कृपा से मंदिर परिसर में कार्यक्रम निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ। जैसे ही अन्नकूट महोत्सव समाप्त हुआ, उसके बाद वर्षा प्रारंभ हुई। जिसे भक्तों ने एक चमत्कारिक अनुभव के रूप में देखा। पूरे आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब श्रद्धा, सेवा और संगठन एक साथ आते हैं, तो अन्नकूट महोत्सव केवल परंपरा नहीं, बल्कि जनभावना और भक्ति का उत्सव बन जाता है।

# जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री वैष्णव एवं ए.डी.एम. कलेश ने की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में 44 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच**। जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव एवं अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 44 आवेदकों की सुनी समस्याएं और निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में गिरदौड़ा के गोपाल, पिपल्याघोटा के किशोर, रामपुरा के माणकलाल, लेवड़ा की संगीता, गिरदौड़ा के गोपाल यादव, चेनपुरा के मेजरसिह, नीमच के दिलीप पुरोहित, बघाना के महेश कटारिया, कानका के दिनेशचंद्र, जावद के नेमीचंद, पालसोडा की कविता प्रजापत, घसूंडी बामनी की भारती बाई, मनासा की बरखा कछावा, डीकेन की मधु पाटीदार, अरनिया मामादेव के कारूलाल ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।इसी तरह भरभडिया के शंभुलाल धनगर, चीताखेड़ा की धापुबाई, तुम्बा के बंशीलाल नागदा, आमलीभाट के हरिश, मदनदास, ग्वालटोली के राजा, नीमच सिटी के प्रहलादसिह, जयसिंगपुरा के नानूराम, गोविंदपुरा के चांदमल, राजीव नगर नीमच के अनिल कुमार, नीमच के अंसार अली, ग्वालटोली के लालचंद्र, जावी के रमेश पाटीदार, ग्वालटोली के दिनेश, नीमच सिटी के राधेश्याम, पिपलिया गुर्जर के राजू, मनोहर, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

# पोखरदा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा स्वास्थ शिविर सम्पन्न

**नीमच**। शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा मंगलवार को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर पोखरदा में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशाय, रक्त अल्पता, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर निशुल्क औषधीयां वितरित की गई। शिविर में कुल 39 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ.मदनलाल पाटीदार ने अपनी सेवाएं दी।शिविर में प्रधानाचार्य श्री राकेश पुरोहित, माध्यमिक शिक्षक श्रीमती विनीता सारू, श्रीमती ज्योति भट्ट, श्रीमती मंजू शर्मा ने भी आवश्यक सहयोग किया।




# जनकपुर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**नीमच**। शासकीय आयुर्वेद औषधालय जनकपुर द्वारा सोमवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर जनकपुर के आंगनवाड़ी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग, उदर रोग,विबंध, श्वास, कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श गैस अम्लपित साइटीका, हृदय प्रमेह, आदि बीमारियों की जांच कर, निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 68 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया।इस मौके पर डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर, डॉ.विवेक शर्मा, श्री भगवान दास बैरागी, सहित आयुष कर्मियों एंव आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी ।




# भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना से मिली श्यामलाल को मदद

**नीमच**। म.प्र.शासन व्दारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना नीमच जिले की जावद जनपद के गांव कोज्या निवासी श्याम लाल पिता लालुराम को स्वरोजगार उपलब्ध करवाकर, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में काफी मददगार साबित हुई हैं। कोज्या निवासी अनुसूचित जनजाति के श्यामलाल भील को जब उक्त स्वरोजगार योजना के बारे में बता चला, तो उसने जनजातीय कार्य विभाग के जिला कार्यालय नीमच से संपर्क कर, योजना के तहत आवेदन किया। श्यामलाल को भारतीय स्टैंट बैक सिंगोली शाखा से टेंट एवं माईक



साउण्ड व्यवसाय के लिए अक्टूबर 2024 में एक लाख 68 हजार रूपये का ऋण मिला। इससे श्यामलाल ने टेंट सामग्री खरीदी। वह अपने टेंट हाउस का सफल संचालन कर, प्रतिमाह लगभग 15 हजार रूपये कमा रहा हैं। श्यामलाल, भगवान बिरसामुण्डा स्वरोजगार योजना से मिले लाभ के लिए प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को धन्यवाद दे रहा हैं।

## साहिल बोरीवाल का वर्ल्ड चैंपियनशिप वोविनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता, इंडोनेशिया के लिए चयन

मंदसौर जिले के लिए गौरव का क्षण है कि जिले के प्रतिभावान खिलाड़ी साहिल बोरीवाल का चयन आठवीं वर्ल्ड चैंपियनशिप वोविनाम मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 1 नवंबर से 9 नवंबर तक इंडोनेशिया में आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि साहिल बोरीवाल वर्तमान में इनकम टैक्स विभाग, गुवाहाटी (असम) में पदस्थ हैं और उन्होंने निरंतर परिश्रम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। मध्यप्रदेश वोविनाम एसोसिएशन के वर्किंग सेक्रेटरी श्री गगन कुरील ने जानकारी देते हुए बताया कि साहिल बोरीवाल का चयन मिक्स मार्शल आर्ट एसोसिएशन एवं जिला वोविनाम एसोसिएशन मंदसौर से हुआ है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आचार्य विद्यासागर गो-संवर्धन योजना का लाभ लेकर सफल पशुपालक बने कुकड़ेश्वर के राजू

## तीस गायों और एक भैस का पालन कर 110 लीटर दूध का प्रतिदिन कर रहे है उत्पादन

**नीमच**। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दो गुना करने, पशुपालकों की आय बढ़ाने, के लिए प्रदेश में दुग्ध समृद्धि अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत नीमच जिले में भी पशुपालकों को उन्नत नस्ल के पशुपालन के लिए प्रेरित कर, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के विशेष प्रयास किए गये हैं। म.प्र.शासन द्वारा पशुपालन विभाग के माध्यम से संचालित आचार्य विद्यासागर गो-संवर्धन योजना तथा राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का लाभ लेकर, नीमच जिले की मनासा जनपद के ग्राम कुकड़ेश्वर निवासी पशुपालक श्री राजू उपलावदिया ने वर्ष 2015 में चार भैस एवं एक गाय से पशुपालन का कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 2017 में उन्होने आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना के तहत 7 संकर गायों के लिये ऋण लिया। इस पर उन्हें एक लाख 25 हजार 750 रूपये का अनुदान भी शासन द्वारा दिया गया। साथ ही नस्ल सुधार के लिए राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत



पशुपालन विभाग द्वारा उनके पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान भी निःशुल्क किया गया। पशुपालक श्री राजू पूर्व में ट्रेवल्स का संचालन करते थे। परंतु उन्होने आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना का लाभ लेकर पशुपालन कार्य प्रारंभ करने के बाद 2019 से ट्रेवल्स का कार्य बंद कर पूरी तरह पशुपालन कार्य में लग गये हैं। वर्तमान में राजू उपलावदिया द्वारा 30 गायों और एक भैंस का पालन कर, प्रतिदिन 110 लीटर दूध का उत्पादन किया जा रहा हैं। जिसे वे 35 से 40 रूपये प्रति लीटर के भाव से विक्रय कर लगभग 4 हजार रूपये प्रतिदिन, आमदनी प्राप्त कर रहे है। उनके परिवार की महिला सदस्य भी पशुपालन कार्य में उनका सहयोग कर रही है। कुकड़ेश्वर के श्री राजू उपलावदिया आज सफल पशुपालक के रूप में पहचाने जा रहे हैं। वे पशुपालन कर प्रतिदिन लगभग4 हजार रूपये कमा रहे है। पशुपालन से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गये हैं। पिछले दिनों मनासा क्षेत्र के विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने भी श्री राजू उपलावदिया द्वारा किए जा रहे पशुपालन कार्य का मौके पर निरीक्षण किया और उन्नत नस्ल के पशुपालन, दुग्ध उत्पादन आदि के बारे में जानकारी ली और पशुपालन कार्य की सराहना भी की है।

# ठंड में ज़रासी भी लापरवाही न बरतें हार्ट पेशेंट



## मॉर्निंग वाक की टाइमिंग में करें बदलाव, इस वक्त जाएं टहलनें



सर्दियों के मौसम में तापमान गिरने से हार्ट से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं. इसलिए इस मौसम में हार्ट पेशेंट को अपने दिल का खास ख्याल रखना चाहिए. डॉक्टरों का कहना है कि ठंड में जरा सी भी लापरवाही बड़ी और गंभीर समस्या का कारण बन सकती है. हार्ट स्पेशलिस्ट का कहना है कि दिल से जुड़ी किसी भी तरह की बीमारी या ऐसे मरीज जिनके हार्ट में ब्लॉकेज है या स्टंट लगा हुआ है, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं तो उसके समय में बदलाव करना चाहिए. ताकि किसी तरह की परेशानी न बढ़ने पाए.

### ठंड में कब जाएं मॉर्निंग वॉक

हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि हार्ट के पेशेंट को एकदम सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने से पूरी तरह बचना चाहिए. अगर वे सुबह पैदल घूमने निकलना ही चाहते हैं तो हल्की धूप निकलने के बाद ही सैर पर निकलें. चूंकि कोरोना के बाद हार्ट अटैक का खतरा तेजी से बढ़ा है. बड़ी संख्या में इसके केस सामने आए हैं तो इसका ज्यादा ख्याल रखना चाहिए. कोविड 19 के पहले 40 साल से ज्यादा उम्र वालों के हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा होता था लेकिन अब 20-30 साल के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं.

### कब जाएं डॉक्टर के पास

डॉक्टर दिल की सेहत को लेकर किसी तरह की लापरवाही न करने की सलाह देते हैं. हर समय सतर्क रहने को कहते हैं. डॉक्टरों का कहना है कि अगर पैदल चलने या एक्सरसाइज करते समय सांस फूलने जैसी समस्या, छाती में दर्द या भारीपन की शिकायत होती है तो तत्काल मेडिकल हेल्प लेनी चाहिए.



**दिल से जुड़ी किसी भी तरह की बीमारी या ऐसे मरीज जिनके हार्ट में ब्लॉकेज है या स्टंट लगा हुआ है, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए.मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं तो उसके समय में बदलाव करना चाहिए.**

इसलिए हेल्थ एक्सपर्ट्स दिल की सेहत को दुरुस्त रखने के लिए जंक फूड से बचने की सलाह दे रहे हैं. खासकर सर्दियों में इसे पूरी तरह अवॉयड करना चाहिए. वहीं, तनाव से बचने और दिनचर्या का बेहतर बनाने पर फोकस कर बीमारी को ठीक कर सकते हैं.

### जंक फूड से बनाएं दूरी

जंक फूड के सेवन से कई तरह की समस्याएं भी बढ़ी हैं. इसकी वजह से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा तेजी से बढ़ रही है. इससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है.



# उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,अनुशासन और बेहतर शिक्षण सुविधाओं का संगम है मनासा का सांदीपनी विद्यालय



**नीमच दुनिया** |**नीमच**, नीमच जिले के उपखण्ड मुख्यालय मनासा का सांदीपनी विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यहाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है, जिससे यह विद्यालय क्षेत्र में एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है । इस विद्यालय ने शिक्षा के साथ ही अनुशासन, संस्कार और आधुनिक तकनीकी शिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की है ।

## सांदीपनी स्कूल के नवाचार

## नैतिक मूल्य का विकासः-

घर से विद्यालय तक के नवाचार (सभी कक्षाओं के लिए)- सुबह उठने के बाद माता-पिता के चरण स्पर्श करने, विद्यालय आते समय दादा-दादी, नाना-नानी या जो भी बड़े हों, उनका आशीर्वाद लेने। बस के लिए अनुशासन में खड़े रहने, बस में अनुशासन से चढ़ने व बैठने, विद्यालय पहुंचते ही पंक्तिबद्ध होकर उतरने,विद्यालय की दहलीज को नमन करने, गुरुजनों को नमन करने, मां सरस्वती को नमन करना, अपने पगवेश (जूते) पंक्तिबद्ध तरीके से रखने, प्रार्थना सभा के लिए पंक्तिबद्ध होकर आने, कॉरिडोर में हमेशा हाथ बांधकर चलने, प्रार्थना सभा में सक्रिय सहभागिता करने, प्रार्थना सभा समाप्त होने पर मौन होकर कक्षा में जाने। कक्षा के प्रवेश द्वार पर कक्षा अध्यापक का आशीर्वाद एवं अनुमति लेकर प्रवेश करने, विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए कक्षा के नियमों का पालन करने, कक्षा की शुरुआत संस्कारों की बातों से करने,सभी विषयों का गहन अध्ययन करने, भोजन से पहले हाथ धोने, भोजन प्रार्थना एक स्वर में बोलने, थाली में झूठा भोजन न छोड़ने और न नीचे गिराने,एक साथ भोजन करने और भोजन के बाद अपनी थाली उठाने ,छुट्टी समय पंक्तिबद्ध होकर कक्षा से बाहर आने,कक्षा की लाइट व पंखे बंद करने,रूट नंबर के अनुसार लाइन बनाने एवं अनुशासन से बस में बैठने सम्बधी नवाचार किए जा रहे है।

## एकेडमिक विकासः-

**कक्षा का नामकरण-** कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश मेरिट सूची में आने पर विद्यार्थी के नाम से कक्षा का नामकरण किया जा रहा है।

एक दिन का प्राचार्य- विद्यालय में कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं अर्द्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त तीन विद्यार्थियों को "एक दिन का प्राचार्य" बनाया जाता है। ऑनलाइन टेस्ट-सीरीज के माध्यम से विषय सामग्री को सरल और रोचक बनाया गया है।, जिससे विद्यार्थी बेहतर परिणाम प्राप्त कर सकें। विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में विचारशील व कर्मशील व्यक्तियों का सम्मान किया जाता है। ताकि विद्यार्थियों को प्रेरणा मिल सके। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को एक दिवस का प्राचार्य बनाया जाता है, जिससे उनमें नेतृत्व व प्रबंधन कौशल का विकास हो सके।

## विद्यालय की प्रमुख विशेषताएँ :-

आधुनिक भवन संरचना- विद्यालय में चार मंज़िला भव्य इमारत निर्मित है। भवन सर्वसुविधा युक्त एवं आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप है।

**सुरक्षा व्यवस्था-** संपूर्ण विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर CCTV कैमरे लगे हुए हैं। सभी गतिविधियों पर सुरक्षा गार्ड एवं कैमरों की निगरानी रहती है।

**खेल एवं मनोरंजन सुविधा** -विद्यार्थियों के लिए बड़ा खेल मैदान उपलब्ध है। विद्यालय परिसर में बगीचा एवं बाल-बगीचा बच्चों के मनोरंजन व विकास हेतु बनाया गया है।

**स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधा-** विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था है। साफ-सुथरे सुविधा घर उपलब्ध हैं।

**अनुकूल वातावरण** -पूरा विद्यालय भवन वातावरणानुकूल (ventilated एवं airy) बनाया गया है। जिससे विद्यार्थियों को स्वस्थ व सुखद वातावरण मिल रहा है।

**सुविधाजनक फर्नीचर-** प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थियों के लिए सुंदर व आरामदायक फर्नीचर उपलब्ध है। फर्नीचर इस प्रकार से डिज़ाइन किया गया है कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व सुविधा का ध्यान रखा जा सके।

**ट्रांसपोर्ट सुविधाः** -शासन द्वारा सांदीपनी विद्यालय मेंः विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक परिवहन की व्यवस्था की गई है। 17 बसें (52 सीटर) और 1220 विद्यार्थी दूरस्थ क्षेत्रों से आसानी से विद्यालय पहुँच रहे हैं। यह सुविधा पूर्णतः निशुल्क है सभी बसों में ड्राइवर पुरुष है और कंडक्टर महिलाएं हैं।

**अनुभवी शिक्षक मंडलः-** विद्यालय में सभी विषयों के लिए विषय विशेषज्ञ और अनुभवी शिक्षक हैं, जिनकी कुल संख्या 56 है। प्रत्येक विषय में बच्चों को स्मार्ट बोर्ड, ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी और प्रयोगशालाओं के माध्यम से आधुनिक शिक्षा दी जाती है जिसमें संगीत एवं खेलकूद एवं व्यायाम शिक्षकों द्वारा भी विद्यार्थियों को दक्षता प्रदान की जा रही है गुणात्मक एवं मात्रात्मक दृष्टिकोण से परीक्षा परिणाम श्रेष्ठतम आ रहे हैं।

**आधुनिक प्रयोगशालाएँः-** विद्यालय में भौतिक विज्ञान रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान की लेब सर्व संसाधनों से युक्त है जिसका लाभ विद्यार्थी ले रहे है और अपने कौशल विकास मे प्रमुख परफॉर्मेंस प्रदर्शित कर रहे हैं । केमिस्ट्री लैबः नवीनतम उपकरणों के साथ रासायनिक प्रयोग की सुविधा है। फिजिक्स लैबः सिद्धांतों को व्यवहार में समझने का अवसर उपलब्ध हो रहा है। बायोलॉजी लैबः जीवन विज्ञान से जुड़े प्रयोगों और अध्ययन के लिए संसाधन उपलब्ध है ।

**आईटी लैबः-** आईटी विषय में विद्यालय में 172 विद्यार्थी नामांकित है विद्यार्थी सूचना प्रौद्योगिकी लैब के माध्यम से कौशल विकास पर कार्य कर रहे हैं नेटवर्किंग एनालिसिस प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रोग्राम ऑन द जॉब ट्रेनिंग इलेक्ट्रॉनिक्स लैबः तकनीकी ज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक प्रयोगों के लिए विशेष लैब की सुविधा भी इस विद्यालय मे उपलब्ध है ।

**इलेक्ट्रॉनिक्स शिक्षाः-** इस विषय मे वर्तमान में 139 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों को सर्किट प्रोटेक्शन, PCB Designing, रोबोटिक तकनीक, एम्बेडेड सिस्टम, माइक्रोप्रोसेसिंग एवं माइक्रोकंट्रोलिंग, और आधुनिक विकासात्मक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने की जानकारी दी जा रही है।

## संसद लैब की स्थापनाः

विद्यालय में जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान हेतु संसद लैब स्थापित की गई है। यहाँ विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर तकनीकी अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थी स्वयं प्रयोग कर रहे हैं और विज्ञान की गहराई को समझते हुए अपने कौशल को विकसित कर रहे हैं। इंस्पायर अवार्ड में चयनः जिले में 9 विद्यार्थियों का चयन। विशेष मॉडल प्रस्तुतिः होनहार विद्यार्थी लकी राज ने "स्वचालित कपड़ा संरक्षण प्रणाली" तैयार की।

**स्मार्ट बोर्ड क्लासरूमः-** डिजिटल और इंटरएक्टिव शिक्षा के माध्यम से पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाया गया है।

**पुस्तकालयः-** विद्यालय में सुसज्जित पुस्तकालय है जिसमें 100 बच्चों की बैठक व्यवस्था है। पाठ्यपुस्तकों के साथ-साथ सामान्य ज्ञान, प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रेरणादायक साहित्य और ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

**हॉस्टल सुविधाः-** संदीपनी विद्यालय में दो छात्रावास संचालित है। दूरदराज़ से आने वाले विद्यार्थियों के लिए 100 सीटर बालिका हॉस्टल और 100 सीटर बालक हॉस्टल। सुरक्षित, अनुशासित और घर जैसे वातारण में बच्चे,योग कक्षाओं और संस्कारी गतिविधियों के माध्यम से सर्वांगीण विकास कर रहा है ।

**वोकेशनल ट्रेनिंग एवं आईटी शिक्षाः-** सांदीपंनी विद्यालय में IT&ET skills में दक्षता प्रदान की जा रही है। बच्चों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से बेसिक कंप्यूटिंग, स्किल डेवलपमेंट, नेटवर्किंग एनालिसिस और ऑन द जॉब ट्रेनिंग दी जा रही है।आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रशिक्षणः- कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों में 77 कंप्यूटर उपलब्ध है छात्र-छात्राओं के लिए जो आईसीटी कम्प्यूटर स्किल प्रशिक्षण हेतु उपयोग किया जा रहे हैं जिससे बच्चों में कंप्यूटर स्किल्ड विकसित हो जा रही है।

## छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम और सम्मानः-

12वीं बोर्ड परीक्षा (2025): कुल 108 विद्यार्थियों में से प्रमुख टॉपर्सः कॉमर्सः केशवी (विपिन सोनी) – 94.20%, 100% रिजल्ट, शुभम (माली) – 92%, 97.36% रिजल्ट, आट्र्सः हर्षिता पाल – 89.8%, 100% रिजल्ट बायोलॉजीः शिवानी पाटीदार – 93.2%, 100% रिजल्ट कुल 108 में से 60% विद्यार्थी लैपटॉप अचीवर्स रहे है । 10वीं बोर्ड का परीक्षा (2024): कुल 95 विद्यार्थी, टॉपरः भगवती मेघवाल – 96.80%; विद्यालय का कुल रिजल्टः 97.89% श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम से प्रदर्शन। प्रथम श्रेणी पासः 90 छात्र, द्वितीय श्रेणी पासः 3 छात्र

## NMMS और अन्य लाभार्थी छात्रः-

वर्ष 2025 में NMMS में 9 चयनित, अन्य 10 विद्यार्थी प्रतिवर्ष 12, हजार रूपये लाभ प्राप्त दो विद्यार्थियों को स्कूटी पुरस्कार प्राप्त हुए है। संदीपनी विद्यालय का जिले में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम रहा है। सांदीपनी विद्यालय, मनासा न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यहाँ विद्यार्थी जीवन जीने की कला, अनुशासन और संस्कार भी सीख रहे हैं। अत्याधुनिक सुविधाएँ, स्मार्ट क्लास, संसद लैब, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी प्रशिक्षण, उत्कृष्ट छात्रों की पहचान और उल्लेखनीय बोर्ड परिणाम इसे क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाते हैं।



## केंद्रीय दल ने बांस वृक्षारोपण, डगवेल रिचार्ज, निर्मलनीर, परकोलेशन तालाब, रिचार्ज पीट कार्यों को देखा

### जल शक्ति अभियान के अंतर्गत केंद्रीय दल ने किया विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण



भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री पंकज कुमार एवं केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक श्रीमती सौम्या सिद्धार्थ ने आज जल शक्ति अभियान के अंतर्गत मंदसौर जिले में किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत प्रेमपुरिया में बांस वृक्षारोपण, ग्राम पंचायत केलाशपुर में डगवेल रिचार्ज, निर्मलनीर एवं परकोलेशन तालाब, ग्राम पंचायत देवरी में तालाब, वृक्षारोपण एवं रिचार्ज पीट, तथा ग्राम पंचायत गांधीसागर एवं बरडिया पूना में तालाब का अवलोकन किया। केंद्रीय दल ने जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा उन्हें और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारिश के बावजूद भी 144 किसानों ने पूर्ण जोश और उल्लास के साथ भावांतर योजना में की सोयाबीन बिक्री

## भावांतर योजना ने किसानों के मन में भरोसा और आत्मविश्वास जगाया

मंदसौर : कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के कुशल निर्देशन एवं सतत निगरानी में आज सोमवार को जिले की सभी मंडियों एवं उपमंडियों में भावांतर भुगतान योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बारिश के बावजूद किसानों ने पूरे जोश और विश्वास के साथ अपनी उपज मंडियों में लाकर विक्रय की। जिले भर में आज 144 किसानों ने अपनी उपज का विक्रय किया। जिसमें मंदसौर मंडी में 24 किसान, पिपलिया में 6, दलौदा में 28, मल्हारगढ़ में 9, सीतामऊ में 23, सुवासरा में 6, शामगढ़ में 47 एवं गरोठ मंडी में 1 किसान ने भागीदारी की। खरीदी के दूसरे दिन भी किसानों का उत्साह देखने योग्य रहा। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, छायादार स्थान, बैठने की व्यवस्था, तौल कांटा और नीलामी प्रक्रिया की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित की गईं। साथ ही, प्रत्येक मंडी में स्थापित हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित कर्मचारी किसानों को योजना से संबंधित जानकारी और आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के निर्देशानुसार, हर मंडी में नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी किसान को उपज विक्रय के दौरान कोई असुविधा न हो। बारिश के बीच भी किसानों का यह उत्साह यह दर्शाता है कि भावांतर योजना ने किसानों के मन में भरोसा और आत्मविश्वास जगाया है। मंडियों में आज खरीदी की शुरुआत के साथ ही किसानों के चेहरों पर संतोष और प्रसन्नता की रौनक झलकती रही।




## डोडाचुरा के प्रकरण में 2000 रूपये के इनामी फरार आरोपी जमनालाल धाकड को किया गिरफ्तार...सिंगोली पुलिस की कार्यवाही



**सिंगोली**। जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के द्वारा चलाये जा रहे फरार अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी रोहीत कुमार राठौर के मार्गदर्शन में विगत 03 वर्ष से थाना सिंगोली के अपराध मे फरार आरोपी जमनालाल धाकड को दिनांक 26.10.2025 गिरफ्तार किया गया उक्त आरोपी के विरूद्ध राजस्थान के विभिन्न थानो मे मादक पदार्थ की तस्करी व मारपीट के अपराध पंजीबद्ध होकर फरार है। दिनांक 26.10.2025 को मुखबीर सूचना मिली कि थाना सिंगोली के अपराध कमांक 37/2023 धारा 411,472,473 भादवि एवं अपराध कमांक 81/2025 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट मे फरार आरोपी जमनालाल पिता सोहनलाल धाकड निवासी ग्राम महुपुरा पुरण का राजस्थान सीमा से आकर ग्राम कदवासा मे बेठा है उक्त मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय पुलिस फोर्स के दबिश दी जाकर आरोपी जमनालाल पित्ता सोहनलाल धाकड उम्र 32 साल निवासी ग्राम महुपुरा पुरण को गिरफ्तार किया गया है। जिसे आज माननीय न्यायालय जावद पेश किया जायेगा आरोपी जमनालाल के विरूद्ध राजस्थान के थाना बेगू मे अपराध कमांक 55/19 धारा 341,323,341 भादस, नारकोटिक्स ब्यूरो कोटा में अपराध कमांक 05/2020 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना मांडलगढ मे अपराध कमांक 264/2023 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट थाना राजियासर गंगानगर मे अपराध कमांक 09/2020 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट के एवं थाना रतनगढ जिला नीमच के अपराध कमांक 101/19 धारा 279,427 मे स्थाई वारंट जारी होकर आरोपी फरार है। सभी थानो को आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जरिये फोन सूचना दी गई है। **सराहनीय कार्य** – उक्त कार्य मे थाना प्रभारी बी०एल० भामर व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# खण्डेलवाल समाज का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

## 38 वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान, श्रीनाथजी को छप्पन भोग, रंगारंग आतिशबाजी से झिलमिलाया आयोजन

**नीमच** । खण्डेलवाल वैश्य समाज, नीमच द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन रोटरी सामुदायिक भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य संत सुंदरदास जी महाराज एवं श्रीनाथजी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन समाज अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेलवाल, महिला मण्डल अध्यक्ष साधना खण्डेलवाल तथा वरिष्ठजनों द्वारा किया गया। समारोह के आरंभ में बालिकाओं नायसा लाभी एवं टियाना दुसाद द्वारा गणेश वंदना तथा गौरी कुलवाल द्वारा सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। समाज के कुल 38 वरिष्ठजनों (24 पुरुष व 14 महिलाएं) का शाल एवं मोतियों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। वरिष्ठ नागरिक सम्मान के लाभार्थी राहुल घीया रहे। इसके पश्चात दरबार सजाकर श्रीनाथजी को छप्पन भोग अर्पित किया गया, जिसके लाभार्थी मधुसूदन खण्डेलवाल, वरुण खण्डेलवाल एवं राजेश माचीवाल रहे। भव्य महाआरती पंडित राकेश शास्त्री के मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और वंदनाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार संघ व समाज प्रमुख सतीश खण्डेलवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष वन्दना खण्डेलवाल द्वारा प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण के लाभार्थी साधना खण्डेलवाल रहीं। कार्यक्रम में दीपावली मिलन के अवसर पर आकर्षक रंगारंग आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया, जिसके



लाभार्थी विष्णु दुसाद व लव कुलवाल रहे। समाज के कोषाध्यक्ष सन्तोष पाटोदिया ने वर्षभर की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह का संचालन विवेक खण्डेलवाल (सोनू) ने उत्कृष्ट रूप से किया, जबकि आभार प्रदर्शन राजेश लाभी ने किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अंत में नीमच वन्दना समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित “12 ज्योतिर्लिंग दर्शन” पुस्तक का समाजजनों में निःशुल्क वितरण किया गया।

# जनसुनवाई में तत्परता से सुनी गई 56 आवेदकों की समस्याएँ

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आज सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं एसडीएम द्वारा कुल 56 आवेदकों की समस्याएँ सुनी। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। मंदसौर निवासी आशा द्वारा ब्याज पर पैसा लेने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर एसडीएम मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। भानपुरा निवासी मोहनबाई के भूमि नामांतरण संबंधी आवेदन पर एसडीएम गरोठ को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार अमलावद निवासी नंदकिशोर के वारिस प्रमाण पत्र प्रकरण पर एसडीएम मंदसौर को शीघ्र कार्रवाई करने को कहा गया। पिपलिया मंडी निवासी प्रदीप द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने संबंधी आवेदन पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में संबल योजना की राशि दिलवाने, कॉलेज फीस माफी, बिजली मीटर जांच, लाइट बिल भुगतान, सर्वे सुधार, भूमि पट्टा निरस्तीकरण, बीमा राशि भुगतान, केसीसी खाता संचालन एवं नाम नकल से हटवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।



## कार्तिक पूर्णिमा के पहले विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में शिवना योद्धाओ द्वारा चलाया गया विशेष सफाई अभियान

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 68 वें दिन 3 ट्राली गाजर घांस व कचरा निकाला गया

**मन्दसौर** । शिवना शुद्धिकरण अभियान के 68वें दिन कार्तिक पूर्णिमा के पूर्व शिवना तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया । निरंतर चल रहे इस सफाई अभियान में श्रमदानियों ने छोटी पुलिया से लेकर कोर्ट रोड नदी किनारे श्रमदान किया गया । श्रमदान सुबह 7:30 बजे प्रारंभ हुआ,जिसमें नगर के समाजसेवी, युवाओं, महिलाओं तथा स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । नदी तट से प्लास्टिक, पॉलिथिन और अन्य कचरा हटाकर नदी तट को स्वच्छ बनाया गया । वर्षा ऋतु के बाद नदी में आई गाद और गंदगी को भी श्रमदानियों ने मिलकर 3 ट्रॉली बाहर निकाला । इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी मंदसौर की जीवनधारा है, इसे स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है । श्री जेन ने श्रमदान कर रहे सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जब तक शिवना पूरी तरह स्वच्छ नहीं होती,यह अभियान निरंतर जारी रहेगा । में आम नागरिकों से अपील करता हूं कि प्लास्टिक की थैलियां व कचरा शिवना नदी में न डालें । श्री जेन ने मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रति रविवार को प्रातः 7 :30 से 9 :30 बजे के बीच 2 घंटे श्रमदान करने जरूर पधारे । रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 68वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत ,रमेश सोनी, विजय आनंद,राकेश जैन पिंटू ,अभिषेक तिवारी ,गर्विश रामनानी,विनय खेतरा,अभिषेक मंदसौरवाला,घनश्याम भावसार,अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, रमेश धनगर ,महिला नेत्रीयों में इष्टा भाचावत,रफत पयामी,सोनाली जैन,अनीता भदोरिया,राखी सत्रावला,अनीता कोरी,मधु कड़ावत,सुनीता बंडी,नेहा जैन,प्रमिला पंवार,कौशल्या त्रिवेदी,कांग्रेसजन मे सर्वश्री ,तरूण खिंची,राजनारायण लाड़,विकास दशोरा,दिलीप देवड़ा,संजय नाहर,मनोहर नाहटा,शैलेन्द्र गोस्वामी,अजय सोनी,महेश गुप्ता,सादिक गौरी,विजयसिंह सिसोदिया, विश्वास दुबे,मनोज जैन,रमेश ब्रिजवानी,कमलेश जैन,राजेश फरक्या,अकरम खान,अशोक राव,घनश्याम लोहार, रमेश कुमावत,नितनेश बसेर,राकेश सेन, दुर्गेश चंदेल,इरशाद खान,शैलेश माली,गगन माली,ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा,राजा भाई,इरशाद खान,वनीश मंदसौरवाला,भविष्यगिरी गोस्वामी,प्रिंस सत्रावाला आदि श्रमदान में उपस्थित रहे ।



## सभी अधिकारी गुड गर्वनेंस एवं जनकलयाण के लिए नवाचार करें-डॉ.मोहन यादव

### जनसुनवाई गुड गर्वनेंस की मिसाल बने- मुख्यमंत्री



**नीमच** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गुरूवार को भोपाल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समाधान आनलाईन में दर्ज शिकायतों के आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याए सुनी और उनका समाधान किया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि सभी स्तर पर अधिकारी गुड गर्वनेंस एवं जनकल्याण के लिए नवाचार करें। जनसुनवाई भी सुशासन की मिसाल बने। तकनीकी कारणों से पुरानी लंबित सभी शिकायतों, प्रकरणों का अभियान चलाकर एक माह में शतप्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें और प्रयास करें, कि आगे से जनशिकायतों की संख्या में कमी आए। इस वीडियों कांफ्रेसिंग में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए, कि सरकार के पास बजट एवं धन की कोई कमी नहीं है। आहार अनुदान, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति और प्रसुति सहायता योजनाओं की राशि का समय सीमा में हितग्राहियों को भुगतान किया जाए। इसमें विलम्ब नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए, कि वर्षाकाल समाप्त हो गया है। लोक निर्माण विभाग एवं नगरीय निकाय सड़कों पर विशेष ध्यान दें। गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण एवं संधारण का कार्य सुनिश्चित करें। वीडियों कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अनूपपुर, रीवा, मेहर, अशोकनगर, मंदसौर, शिवपुरी, धार, जबलपुर आदि जिलो के उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर, उनकी समस्याओं का समाधान किया। वी.सी. में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव मौजूद थे। नीमच के एनआईसी कक्ष में समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एसपी श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# नीमच जिला चिकित्सालय में 200 नवीन बेड उन्नयन सहित नए पद सृजन की मिली स्वीकृति

**नीमच** विधायक दिलीपसिंह परिहार के अथक प्रयासों से शासकीय जिला चिकित्सालय नीमच को बडी सौगात मिली है। आज मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई केबिनेट की बैठक में नीमच जिला चिकित्सालय में 200 नवीन बेड का उन्नयन एवं चिकित्सालय संचालन के लिए नए पदों की स्वीकृति मिली है। इन पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी.जिला चिकित्सालय में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। इसके चलते कई बार जब मरीजों को एडमिट कराने की नौबत आती है तो अस्पतालों में बिस्तर ही उपलब्ध नहीं होते थे। वर्तमान में जिला चिकित्सालय नीमच में 200 बेड की क्षमता है, जिसे विधायक दिलीपसिंह परिहार के लगातार प्रयासों के चलते 200 नवीन बेड उन्नयन की स्वीकृति मिली है, जिससे अब जिला चिकित्सालय में 400 बेड मरीजों को उपलब्ध हो सकेंगे।आज राज्य सरकार ने केबिनेट बैठक में नीमच, टीकमगढ, सिंगरौली, श्योपुर एवं डिण्डौरी जिलों में 800 बिस्तरों की संख्या बढाने सहित इन जिला अस्पतालों में 810 नए पद सृजित करने का भी निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी गई है. इस पर सरकार 39.50 करोड रूपए खर्च करेगी। जिला चिकित्सालय नीमच में 200 नवीन बिस्तरों के



उन्नयन एवं नवीन पदों की स्वीकृति प्रदान करने पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, स्वास्थ्य मंत्री डॉ.राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया का ह्दय से धन्यवाद दिया है।

## टमाटर उत्पादन में देश में नंबर-1 है मध्यप्रदेश



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के सब्जी उत्पादक किसानों को सरकार की प्रोत्साहन योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है। कैश क्राप प्रोडक्शन को किसानों ने हाथों-हाथ लिया है। यही कारण है कि सबके किचन की डेली नीड टमाटर के उत्पादन में मध्यप्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई-PMFME) योजना के माध्यम से टमाटर की फसल पर आधारित लघु उद्योगों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है। टमाटर के बीज पर सरकार द्वारा किसानों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस अनुदान से किसानों को बड़ा संबल मिल रहा है। योजना का लाभ लेकर हमारे किसान भाई आत्मनिर्भर बनकर समृद्धि की ओर बढ़ रहे हैं।

# नीमच के विद्यार्थियों अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार.....जिले का गौरव बढ़ा

नीमच जिले के दो होनहार विद्यार्थी अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और संस्कारों के बल पर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों विद्यार्थियों को अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा मध्य प्रदेश स्तर पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### इस उपलब्धि पर पूरे जिले में गौरव और हर्ष का वातावरण है।

जिला संयोजक दीपक अहीर ने बताया कि अभिषेक कारपेंटर और दिव्या पाटीदार ने भारतीय संस्कृति, मूल्य और आदर्शों के प्रति अपनी गहरी निष्ठा का परिचय दिया है। उनकी सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी है।रामचंद्र पाटीदार ने जानकारी दी कि नीमच जिले में हर वर्ष लगभग 10 से 12 हजार विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग लेते हैं। वहीं कमल ऐरन एवं जगदीश महावर ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें संस्कार, चरित्र निर्माण और सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरित करना है।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों को महापुरुषों के जीवन, नैतिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास से संबंधित साहित्य प्रदान किया जाता है। इस साहित्य के अध्ययन से विद्यार्थी भारतीय संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करते हैं और जीवन मूल्यों को आत्मसात करते हैं। तत्पश्चात उनकी समझ का मूल्यांकन परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। अभिषेक कारपेंटर एवं दिव्या पाटीदार के राज्य स्तरीय सम्मान से शिक्षकों, परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।





# जनजातीय समुदाय की समृद्धि के लिए संकल्पित राज्य सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**नीमच**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय समुदाय की समृद्धि के लिए संकल्पित है। सरकार के रणनीतिक प्रयासों से विकास के हर क्षेत्र में जनजातीय समुदाय आगे बढ़ रहा है। जनजातीय कल्याण की योजनाओं के लिए बजट बढ़ाकर 47 हजार 295 करोड़ किया गया है जो पिछले वर्ष से 6,491 करोड़ रूपये ज्यादा है। सरकार के सतत् प्रयासों से मध्यप्रदेश आज जनजातीय कल्याण के क्षेत्र में देश का अग्रणी प्रदेश बनकर उभर रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदायों को आर्थिक विकास के भरपूर अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ-सबका विकास' दर्शन अपनाते हुए जनजातीय समुदायों योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विशेष रूप से पिछडी और कमजोर जनजातियों (पीवीटीजी) के समग्र विकास और कल्याण के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई ऐतिहासिक प्रयास और नवाचार किए हैं। जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने और देशज संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए समर्पित प्रयास किए गए हैं। परिणामस्वरूप जनजातीय समुदाय को न केवल अपने अधिकार मिले हैं, बल्कि संस्कृति की भी रक्षा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के लोकव्यापीकरण के जरिए जनजातीय युवाओं को चयन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए आजीविका के नए-नए विकल्प और जरूरी साधन भी दिए जा रहे हैं। आदि संस्कृति को आजीविका से जोड़ने की पहल की गई है। जनजातीय समुदायों के जन, जल, जंगल, जमीन और वन्यप्राणियों की नैसर्गिक सुरक्षा के अधिकार से लेकर वन अधिकार पत्र और इनकी आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक संरक्षण के लिए भी सरकार ने व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है।

### पेसा नियमों से सशक्त हुई ग्राम सभाएं

मध्यप्रदेश में पेसा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन से जनजातीय ग्राम सभाओं को अपने जैविक संसाधनों, भूमि, जल, वन और पारम्परिक व्यवस्थाओं पर अधिकार प्राप्त हुए हैं। अब ग्राम सभाएं विकास योजनाओं में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, जिससे जनजातीय अंचलों में स्वशासन की दिशा में एक सशक्त आधार स्थापित हुआ है। वे अपने गांवों की विकास योजनाएं खुद बना रही हैं।

### तेंदूपत्ता संग्राहकों का बढ़ा पारिश्रमिक

जनजातीय समुदाय की आजीविका से जुड़े लाखों तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक बढ़ाकर अब 4,000 रुपये प्रति मानक बोरी कर दिया गया है। इस निर्णय से संग्राहकों की आय बढ़ी है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। तेंदू पत्ता व्यापार बढ़ने से उन्हें लाभ हुआ है।

### 'पीएम जनमन' और 'धरती आबा' योजनाओं से विकास को गति

प्रदेश में प्रधानमंत्री जन-मन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष जैसी योजनाओं के अंतर्गत 68 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। साथ ही, जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने के लिये 21 जिलों में 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स (एमएमयू) प्रारंभ की गई हैं।

### सिकलसेल उन्मूलन मिशन का विस्तार

मध्यप्रदेश में सिकलसेल हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन सभी 89 जनजातीय विकासखंडों में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से प्रदेश में हाल ही में एक करोड़वां सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसिलिंग कार्ड वितरण का ऐतिहासिक क्षण भी दर्ज हुआ है।

### शिक्षा एवं छात्रवृत्ति में उल्लेखनीय कार्य

जनजातीय वर्ग के सभी विद्यार्थियों की शिक्षा के



प्रोत्साहन के लिए इन्हें छात्रवृत्ति देने की अवधि साल में 10 माह से बढ़ाकर अब पूरे 12 माह कर दी गई है। उनके छात्रावासों को सुविधा संपन्न बनाया गया है।जनजातीय वीर नायकों की शौर्य कथाएं और गौरवगाथाएं स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं। भगवान बिरसा मुंडा जी की जीवनी अब विद्यालयीन शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। प्रदेश के सभी जनजातीय कन्या आवासीय शिक्षा परिसरों को अब 'माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर' नाम दिया गया है। यह जनजातियों को सम्मान देने का एक अनूठा उदाहरण है।

### आंगनवाड़ी भवन निर्माण में म.प्र. अव्वल

'पीएम जन-मन कार्यक्रम' अंतर्गत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। इस योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों (बैगा, भारिया, सहरिया) को अत्यधिक लाभ मिला है। इससे पीवीटीजी परिवारों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार देखा जा रहा है।

### सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना

राज्य सरकार द्वारा जनजातीय गौरव और पहचान को सम्मान देने के लिए अलीराजपुर जिले का नाम परिवर्तित कर अब 'आलीराजपुर' कर दिया गया है। यह निर्णय जनजातीय वर्ग की अस्मिता के सम्मान और इनके सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## तुम्बड़ नदी उद्गम स्थल का संरक्षण - स्वच्छ जल, हरित भविष्य की और सराहनीय कदम



भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री पंकज कुमार एवं केंद्रीय भूजल वैज्ञानिक श्रीमती सौम्या सिद्धार्थ ने आज मंदसौर जिले में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विभागीय कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान दल ने ग्राम पंचायत निपानिया (अफजलपुर) स्थित तुम्बड़ नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण किया। यहां गंगोत्री हरित परियोजना के तहत किए गए पौधारोपण कार्यों की सराहना की गई। इस स्थल पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अब तक 5 एकड़ भूमि में 1200 फलदार पौधों का रोपण किया

# पुलिस थाना नीमच सिटी, बघाना, जावद, मनासा, कुकडेंश्वर एवं रामपुरा द्वारा स्कुली छात्रों एवं आमजन के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**नीमच** : भारत सरकार द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (NCSAM)" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान चलाये जा रहे अभियान का मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सही उपयोग करनें, ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश, अवैध लोन एप्स, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपायों से अवगत कराना है। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवल सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में पुलिस थाना नीमच सिटी द्वारा शासकीय हाई स्कुल जवासा, पुलिस थाना बघाना द्वारा कृषि उपज मंडी बघाना, पुलिस चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद द्वारा ईनोसेंट स्कुल सरवानिया महाराज, पुलिस चौकी कन्जार्डा थाना मनासा द्वारा बस स्टेंण्ड़ कन्जार्डा एवं चरलिया फंटा, पुलिस थाना कुकडेंश्वर द्वारा पीएम श्री हॉयर सेकेन्ड्री स्कुल ग्राम कुंडला एवं पुलिस थाना रामपुरा द्वारा सांदिपनी लायब्रेरी एवं कौचिंग क्लास रामपुरा में छात्रों, शिक्षकों एवं आमजन को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। स्कुली छात्रों एवं स्टॉफ को कार्यक्रम के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जागरूक किया गया-

पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों के दौरान बताया गया कि वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं, जिनसे सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा स्कुली छात्रों एवं आमजन को यह भी बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड या किसी प्रकार की डिजिटल धोखाधड़ी होती है, तो वे तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल NCRP पर अपनी शिकायत दर्ज करें। त्वरित सूचना देने से वित्तीय नुकसान की भरपाई की संभावना बढ़ जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कुली छात्रों सहित स्कुल स्टॉफ एवं आमजन उपस्थित रहें।



## श्रम विभाग में सुरक्षा एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने के लिए हर्ट फ्री काउंटर सिस्टम लागू

**नीमच**। श्रम विभाग द्वारा औद्योगिक दुर्घटनाओं की निगरानी के लिये हर्ट फ्री काउंटर और इंसीडेंट रिपोर्टिंग सिस्टम का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। संचालक औद्योगिक सुरक्षा श्रीमती नमिता तिवारी ने बताया है कि हर्ट फ्री काउंटर प्रणाली का उद्देश्य कार्यस्थलों पर बिना किसी औद्योगिक दुर्घटना के बीते दिनों की गणना एवं प्रदर्शन करना है। इसके माध्यम से विभाग प्रत्येक उद्योग या निर्माण स्थल पर सुरक्षा के स्तर की निगरानी कर सकेगा तथा 'शून्य दुर्घटना की दिशा में प्रेरणा प्रदान करेगा। 'इंसीडेंट रिपोटिंग सिस्टम का उद्देश्य किसी भी दुर्घटना या घटना की डिजिटल रिपोटिंग को सरल और त्वरित बनाना है। इस प्रणाली से अधिकारी तत्काल सूचना प्राप्त कर सकेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कर सकेंगे। इससे दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शीघ्र समाधान में सहायता मिलेगी। एनआईसी द्वारा विकसित हैं प्रणाली एनआईसी द्वारा विकसित दोनों प्रणाली श्रम विभाग के कंट्रोल रूम एवं वर्कफोर्स मैनेजमेंट सिस्टम से एकीकृत हैं। जिससे निगरानी और विश्लेषण की प्रक्रिया और अधिक सुदृढ हो गई है। इन प्रणालियों का तकनीकी विकास राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा किया गया है। यह सिस्टम पूर्ण रूप से कार्यान्वित हो गया है। नागरिक एवं संस्थान अब इन प्रणालियों से संबंधित जानकारी श्रम विभाग की वेबसाइट labour.mp.gov.in पर भी देख सकते हैं।

# जनजातीय वर्ग के वन-भूमि पट्टेधारी किसानों को सब्जियों के उत्पादन पर मिलेगा विशेष अनुदान

**नीमच**। प्रदेश में जनजाति बाहुल्य ग्रामों में वनपट्टाधारी परिवारों को सब्जी उत्पादन के प्रति प्रोत्साहित कर, उनके सामाजिक और आर्थिक जीवन में सुधार लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसके तहत प्रदेश के चार संभाग के 16 जिलों में जनजाति वर्ग के लोगों को वन भूमि पर पैदावार बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सब्जियों के उत्पादन के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा। अनुदान राशि प्रति हैक्टेयर इकाई लागत का 90% तक हो सकता है। आयुक्त उद्यानकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में नर्मदापुरम संभाग में नर्मदापुरम , बैतूल, हरदा, जबलपुर



संभाग में जबलपुर, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा कटनी, नरसिंहपुर, डिंडोरी और बालाघाट, शहडोल संभाग में शहडोल, उमरिया और अनूपपुर तथा भोपाल संभाग में भोपाल और सीहोर जिलों के कोलार बांध के आसपास के वनपट्टाधारी किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। इन किसानों को कृषि तकनीकी विशेषज्ञ और मार्केटिंग एक्सपर्ट की सलाह पर उच्चमूल्य वाली सब्जी फसलों जैसेः- टमाटर, लौकी, करेला, फूलगोभी, पत्ता गोभी, ब्रोकली ब्रुसेल्स, स्प्राउट, बाकलावली, हरी मटर, बैंगन, शिमला मिर्च, भिंडी, खीर, हरी मिर्च, गाजर चुकंदर, शलजम, मूली, गांठ गोभी, राजमा, शकरकंद, केल-करम साग, सहजना की फली या मुनगा तथा पात्तिदार सब्जियों पर अनुदान सहायता राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को विभाग के एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिन किसानों का चयन योजना के अंतर्गत किया जाएगा,

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)